**श्री राजनारायण** श्रीमन, आप क्या करना चाहते है ? यह सदन कायदे से चलेगा या डिक्टेटोरियल होगा। देखिये, मै यह निवेदन करना चाहता हू, कायदे से इस सदन को चलाइयेगा। परम्परा से जो चीजे चलती है वैसे चलने दीजियेगा। मुझे उठा कर बिहार से फेंक दिया जाए और आप का दफ्तर इस तरह से सर्कलेट करे, इस पर बहस होनी चाहिये।

**श्री सभापति** मेरी परमिशन लेनी चाहिये मेरे चैम्बर मे आकर। मै परमिशन दू तब मेन्शन हो सकता है।

**श्री रबी राय** यह आपके बुलेटिन के बारे मे है।

**श्री राजनारायण** श्रीमन्, यह कोई नयी चीज नही है। *आपके कार्यालय ने इसको प्रसारित किया है—राज्य सभा* के सदस्य श्री राजनारायण को भारत रक्षा नियम की धारा 11 के अधीन दिया गया आदेश। आज इस पर चर्चा नही होगी तो कब करेंगे ?

**श्री सभापति** निवेदन करने का वक्त तब होता है जब मिस्लेनियस आइटम खत्म हो जाये। आपको मालूम नही है, राजनारायण जी को तो मालूम है।

**श्री राजनारायण** अभी और है ?

**श्री सभापति** मुझसे कहते है कि कायदे से चले

**श्री राजनारायण** अगर मिस्लेनियस बाते है तो कर ली जाये।

## RE. RESIGNATION OF SHRI SALAM TOMBI

MR. CHAIRMAN. I have to inform Members that Shri Salam Tombi, a Member representing the State of Manipur, resigned his seat in the Rajya Saba with effect from the 4th April 1974. Now you can mention. जो म कहना हू उसको भी सुनिये।

**श्री राजनारायण** यहा आप ठीक है।

## PERSONAL EXPLANATION BY SHRI RAJ NARAIN

**श्री रबी राय** (उडीसा). मैं यह सवाल उठाने वाला था कि राजनारायण जी को इस महीने की 6 तारीख को बिहार से बहिष्कृत कर दिया गया, उनके ऊपर एक्सटर्नमेंट आर्डर लागू कर दिया गया। इस सिलसिले मे आपके दफ्तर से जो बुलेटिन ससदीय समाचार भाग—2 प्रसारित की गई है और जो एक्सटर्नमेंट आर्डर बिहार सरकार ने उनके ऊपर लगाया है उसमे विरोधाभास है। सभापति जी, जब आप नये सदस्यो का स्वागत कर रहे थे तो आपने यह भी कहा कि जो नये सदस्य आये हैं उनको प्रजातत्र का तौर तरीका अपनाना चाहिये। 6 तारीख को, जब राजनारायण जी सदस्य बन चुके थे, उनका बिहार सरकार के आर्डर से बहिष्कार कर दिया गया। मैं उस दिन मे दिल्ली एक्सप्रेस से सुबह 6 बजे पटना पहुंचा तो देखा कि राजनारायण जी को 20 आर्म्ड पुलिसमैन उठा कर दिल्ली एक्सप्रेस मे बिठा दे रहे है। आपका जो बुलेटिन है उसमे लिखा है "रवाना हो गये" जबकि उनका बहिष्कार कर दिया गया। बुलेटिन के हिसाब से वे स्वेच्छा से चले गये। अगर राजनारायण जी जैसे सजग और वरिष्ठ सदस्य के ऊपर इस तरह एक्सटर्नमेंट आर्डर कर दिया जाता है तो मैं आपके द्वारा गृह मत्री जी से निवेदन करना चाहूगा कि वे इस पर एक बयान दें।

[The Vice-Chairman Shri V. B. Raju in the Chair ]

**उपसभाध्यक्ष (श्री वी०बी० राजू)** इसकी चर्चा करने की जरूरत नही है।

**श्री रबी राय** : आप इस पर अपनी व्यवस्था दे।

**उपसभाध्यक्ष (श्री वी० बी० राजू)** बिहार सरकार से जो इनफारमेशन आई है उसी के मुताबिक सेक्रेटेरियट ने छापकर बुलेटिन मे तक्सीम किया गया है। आपने कुछ नई बात उठाई है ये जो प्रोसीडिंग्स है यह राज्यसभा से बिहार गवर्नमेंट को जायेगी। अब यहा चर्चा करने से क्या फायदा ?

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) हम सदस्य यहा के हैं, चर्चा कहा करेंगे ? मै इस सदन का सदस्य हू या नही।

**उपसभाध्यक्ष (श्री वी०बी० राजू)** मैंने बात साफ कर दी है।

SHRI NIREN GHOSH (West Bengal) · Sir, just one point please. Can you imagine a member of the House of Commons being deported from any counties of the United Kingdom? It is absurd. This position is absurd I cannot accept this position of a State Government deporting any Member of Parliament.

**श्री श्याम लाल यादव** (उत्तर प्रदेश) श्रीमन. एक निवेदन मेरा है। इसमे जो आदेश बिहार सरकार ने दिया उसमें स्पष्ट लिखा हुआ है कि श्री राजनारायण को राज्य के बाहर किसी स्थान पर उचित पुलिस संरक्षण मे शीघ्रातिशीघ्र भेजने की व्यवस्था करे। यह आदेश गृह सचिव का 5 अप्रैल का है। ऐसी स्थिति मे यह जो सूचना ससदीय समाचार मे निकाली गई है अगर यह सूचना बिहार सरकार ने दी है तो वह स्पष्टतया गलत है, असत्य है और वह सदन का अवमान है। इसलिये उसके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिये।

**श्री राजनारायण** श्रीमन्, मैं पर्सनल ऐक्सप्लेनेशन दे रहा हू। एक महीने पहले से 6, 7, 8 का संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय समिति की बैठक पटना मे होगी यह तय